हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 जुलाई 2026 कैथल

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 30 .0 डिग्री से.

8 बिजली कटौती से नाराज धरतीपुत्रों ने लगाया जाम



8 स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित...



## खबर संक्षेप

### प्लॉट पर कब्जा करने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** जालसाजी व धोकाधड़ी करने वाले अपराधियों की धरपकड़ तहत प्लॉट पर कब्जा करने के मामले में इकनॉमिक सैल द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव तारागढ़ हाल चंडीगढ़ की नीलम चौधरी की शिकायत अनुसार उसने गांव तारागढ़ निवासी सुनील कुमार पुत्र चंद्रभान से प्लॉट नंबर-110, रकबा 154 वर्ग गज खरीदा था, जिसकी पूर्ण भुगतान संबंधी लिखित रसीद (फुल पेमेंट का ब्याना) उसके पास मौजूद है।

### सामाजिक जागरूकता से ही मजबूत बनेगा समाज

**पूंडरी।** कश्यप समाज पूंडरी के प्रधान राजकुमार कश्यप उर्फ राजू ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता में निहित होती है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज के सभी लोग आपसी मतभेद भुलाकर युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, बेटियों की शिक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि समाज के प्रतिभाशाली एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग देना समय की मांग है।

### कक्षा छठी में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ

**कैथल।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम कैथल में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 31 जुलाई तक निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य उमेश कुमार ने बताया कि प्रवेश के लिए वे विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जो कैथल जिले के निवासी हैं तथा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान जिले के किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हैं।

### सुआ मारकर हत्या करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** थाना तितरम क्षेत्र के गांव प्योदा में एक व्यक्ति की सुआ मारकर हत्या करने के मामले में थाना तितरम पुलिस द्वारा एक आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव प्योदा निवासी अजय की शिकायत अनुसार वह मेहनत-मजदूरी करता है। 27 जून की रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने चाचा 40 वर्षीय राममेहर और अन्य परिजनों के साथ घर के बाहर बैठा था। इस दौरान गांव का सुमित वहां आया और गाली-गलौज करने लगा था।

### नशा तस्करी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल कैथल व एंटी नारकोटिक सैल गुहला द्वारा नशा तस्करी के अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 1 किलो 500 ग्राम गांजा फूल पत्ती व 1 किलो 332 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में एन्टी नारकोटिक सैल कैथल प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में एएसआई रोहताश की टीम अपराध एवं नशा तस्करी की रोकथाम के लिए क्षेत्र में गश्त कर रहे थे।

### पैसे कमाने का लालच देकर 2.43 लाख ठगे

**कैथल।** गांव कौल में एक महिला को गूगल रिव्यू देकर पैसे कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने 2.43 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने पहले महिला को कुछ रुपए देकर विश्वास में लिया और बाद में निवेश के नाम पर बड़ी रकम ट्रांसफर करवा ली। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कौल निवासी रीतू रानी ने बताया कि उसके पास टेलीग्राम पर संदेश आया, जिसमें गूगल रिव्यूअर की नौकरी का ऑफर दिया।

## प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां पूरी

# 180 पैरामेडिकल कर्मचारी, 60 चिकित्सक, 24 एम्बुलेंस तैनात

### रैली कार्यक्रम को लेकर एंबुलेंस कर्मचारियों की रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री के शुक्रवार को जींद दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। गुरूवार को रैली कार्यक्रम को लेकर एंबुलेंस कर्मियों की रिहर्सल हुई। इसके अलावा स्वास्थ्य अधिकारियों ने भी मंथन किया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के लिए पूरी तरह से तैयार है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिसके लिए लगभग 24 एम्बुलेंस, जिनमें एडवांस लाइफ सपोर्ट एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस शामिल हैं, तैनात की गई हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 60 चिकित्सकों तथा 180 पैरामेडिकल कर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों और ड्यूटी स्थल के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर दी गई है। अधिकारियों ने की बैठक, मॉक ड्रिल भी करवाई स्वास्थ्य सेवाएं की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतू समीक्षा बैठक में डायरेक्टर हेल्थ सर्विस, डा. ब्रह्मदीप सिंधु, सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली, डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया, डा. दिनेश गुप्ता, पीएमओ डा. रघबीर पूनिया ने बैठक में प्रत्येक टीम की भूमिका, जिम्मेदारियों तथा आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की गई। इससे पूर्व कार्यक्रम की तैयारियों के अंतर्गत मॉक ड्रिल एवं रिहर्सल का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सभी टीमों को उनके निर्धारित ड्यूटी स्थलों पर भेज कर आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली का अभ्यास कराया गया। आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यक्षमता का भी परीक्षण किया गया ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। जिला स्वास्थ्य विभाग माननीय प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा सभी आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।



स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेते स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डा. ब्रह्मदीप।



**जींद।** पीएम ड्यूटी के लिए तैयार स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी।

#### सभी तैयारियां पूरी

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डा. ब्रह्मदीप ने कहा कि प्रधानमंत्री के शुक्रवार के दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लगभग 24 एम्बुलेंस, जिनमें एडवांस लाइफ सपोर्ट एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस तैनात की गई हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 60 चिकित्सकों तथा 180 पैरामेडिकल कर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों और ड्यूटी स्थल के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर दी गई है।



**राजौंद।** रैली को लेकर ग्रामीणों को आमंत्रित करती पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा।

## ऐतिहासिक होगी प्रधानमंत्री मोदी की जींद रैली: कमलेश

### पूर्व राज्य मंत्री ने लोगों को दिया न्योता

- कलायत क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग रैली में भाग लेने के लिए जींद पहुचेंगे आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद


पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने जींद में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर राजौंद क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों रैली का निमंत्रण दिया। इस कड़ी में उन्होंने क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को रैली में शामिल होने का निमंत्रण दिया और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह रैली हरियाणा के विकास के लिए एक नई दिशा तय करेगी और इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए जनता में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कलायत क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग रैली में भाग लेने के लिए जींद पहुचेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और आने वाला समय भी भारतीय जनता पार्टी का ही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की वह रैली के प्रति जागरूक करें और शुक्रवार को अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। ढांडा ने विश्वास जताया कि जींद की यह रैली न केवल जनसमूह के लिहाज से बड़ी होगी, बल्कि हरियाणा की राजनीति में भी एक महत्वपूर्ण संदेश देने का काम करेगी।

## शिकायतों का हल करने के निर्देश

- समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं जन शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याओं को सुना और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में बिजली, जन स्वास्थ्य, स्वास्थ्य, राजस्व, सिंचाई, परिवार पहचान पत्र, समाज कल्याण के अलावा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को सुना गया। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निवारण का सशक्त माध्यम है। सरकार का उद्देश्य नागरिकों को एक ही मंच पर विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का समाधान उपलब्ध करवाना है। इसलिए अधिकारी प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें तथा उसका प्राथमिकता के आधार पर निपटारा सुनिश्चित करें। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार और डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आमजन समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस मौके पर सीटीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, डीडीपीओ रितू लाठर, डीआरओ चंद्र मोहन के अलावा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया

- कुतुबपुर में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों ने किया ग्रामीणों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव कुतुबपुर में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र एवं हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कलाकारों ने गीत, संगीत और नुक्कड़ नाटक के जरिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र नागरिकों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। इस दौरान डीसी अपराजिता ने भी गांव कुतुबपुर का दौरा कर कार्यक्रम का निरीक्षण किया और पूर्ण फीडबैक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ उठाएं और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी नसीब सिंह सैनी ने कहा विभाग की टीम निर्धारित प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार गांव-गांव जाकर सरकार की नवीनतम स्कीमों की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचा रहे हैं। विभाग के कलाकार जगदीश, रवि कुमार द्वारा भजनों व गीतों के माध्यम से लोगों तक स्कीमों की जानकारी दी जा रही हैं। कलाकारों द्वारा वोट बनवाने, एसआईआर के अंतर्गत मतदाता सूची में शुद्धिकरण कार्य, पेंशन दस्तावेजों को दुरूस्त करवाने को लेकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं।



डीसी अपराजिता कुतुबपुर में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की टीम का निरीक्षण करते।



**कैथल।** स्पा सेंटर से बरामद महिलाओं को अपने साथ लेकर जाती पुलिस।

### स्पा सेंटर पर छापेमारी में देह व्यापार का भंडाफोड़

**कैथल।** पुलिस ने शहर के अंबाला रोड स्थित एक स्पा सेंटर पर छापेमारी में देह व्यापार का भंडाफोड़ हुआ है। कार्रवाई दौरान 6 महिलाएं मिली। जबकि संचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने सेंटर से आपत्तिजनक सामग्री बरामद कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना एसएचओ रमेश चंद्र ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि हेल्दी बॉडी स्पा सेंटर की आड़ में अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सूचना के आधार पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला पुलिसकर्मियों के साथ दबिश दी। टीम के पहुंचते ही सेंटर में अफरा-तफरी मच गई। तलाशी दौरान कैबिन में एक युवक और युवती संदिग्ध अवस्था में मिले। जबकि अन्य कमरों से 6 महिलाएं और एक अन्य युवक मिला। एक महिला करीब 10 माह के बच्चे के साथ मौजूद थी। पुलिस ने बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित करते आवश्यक कार्रवाई की। जांच दौरान पुलिस को सेंटर से मसाज सामग्री, ट्रॉली बैग, कपड़े और अन्य सामान मिला। सेंटर के अंदर 6 अलग-अलग कैबिन बनाए गए थे, जिनमें बेड लगे हुए थे।

## पंचायती जमीन को अपनी बता 11 लाख ऐंठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

गांव रसूलपुर में ग्राम पंचायत की भूमि को निजी मलकीयत बताकर 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शिकायत की जांच के बाद सीवन थाना पुलिस ने एक ही परिवार के तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला राजस्व विभाग द्वारा पिछले माह की गई पंचायत भूमि की निशानदेही में उजागर हुआ, जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस के अनुसार गांव रसूलपुर निवासी मामू राम ने शिकायत दी थी कि 14 नवंबर 2024 को छिंदा सिंह, उसकी बहन रतन कौर और उनके पुत्र प्रगट सिंह ने ग्राम पंचायत की हड्डा रोड़ी और जोहड़ रकबा की भूमि पर करीब 20 मरले में बने मकान को अपनी निजी मलकीयत भूमि बताते हुए उसके साथ इकरारनामा किया था। आरोप है कि आरोपियों ने इस भूमि को अपनी मलकीयत संपत्ति बताते हुए बेचने का पूरा अधिकार होने का दावा करते हुए उससे 11 लाख रुपये ले लिए और रजिस्ट्री कराने का भरोसा दिया। इकरारनामे में यह भी लिखा गया कि भूमि विवाद रहित है और उस पर किसी अन्य व्यक्ति का कोई अधिकार नहीं है। मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब 19 जून 2026 को राजस्व अधिकारियों ने भूमि की निशानदेही की। जांच में सामने आया कि जिस जमीन को निजी मिल्कियत बताकर बेचा गया था, वह वास्तव में ग्राम पंचायत रसूलपुर की भूमि है, जो राजस्व रिकॉर्ड में जोहड़ रकबा एवं हड्डा रोड़ी के रूप में दर्ज है।

#### मामले की जांच जारी

सीवन थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर जयभगवान ने बताया कि इस मामले में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से अभियोग दर्ज करने की अनुमति मिलने के बाद रसूलपुर निवासी एक महिला सहित तीनों लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए जाचं शुरू कर दी है।



बांगड़ा व राजौंद के बूस्टिंग स्टेशन पर पेयजल की जांच करते स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### बूस्टिंग स्टेशनों का स्वास्थ्य विभाग ने किया निरीक्षण

**राजौंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद के अंतर्गत आने वाले बूस्टिंग स्टेशन (जलघर) बीर बांगड़ा व राजौंद का स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला के आदेशों पर तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. संदीप सिंह के निर्देशों के तहत स्वास्थ्य निरीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों बूस्टर स्टेशनों पर स्थापित क्लोरीनेशन डोजर की कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया गया। टीम ने यह सुनिश्चित किया कि पेयजल में निर्धारित मानकों के अनुसार क्लोरीन की मात्रा मिलाई जा रही है। इसके साथ ही ऑर्थोटोलिडीन टेस्ट के माध्यम से पानी में अवशिष्ट क्लोरीन की भी जांच की गई, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। स्वास्थ्य निरीक्षक जितेंद्र सिंह व रामनिवास ने बताया कि डायरिया, हैजा, टाइफाइड और पीलिया जैसे जल जनित रोगों की रोकथाम के लिए पेयजल का नियमित क्लोरीनीकरण और उसकी गुणवत्ता की समय-समय पर जांच अत्यंत आवश्यक है।

### बैठक में सुरक्षित पेयजल एवं जल संरक्षण पर दिया जोर

## असुरक्षित पेयजल कनेक्शन को ना कहें: दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के नोडल अधिकारी एवं कार्यकारी अभियंता जगदीप दलाल के दिशा-निर्देशानुसार आज ग्राम सजूमा में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम की सरपंच सीमा देवी ने की, जबकि ग्राम सचिव पूजा भी उपस्थित रहीं। बैठक को संबोधित करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने कहा कि असुरक्षित निजी पेयजल कनेक्शन पेयजल दूषित होने का प्रमुख कारण हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने असुरक्षित पेयजल कनेक्शनों को शीघ्र ठीक करवाएं, समय-समय पर घरों की पानी की टंकियों की सफाई करें तथा पेयजल को उबालकर ही उपयोग में लाएं। उन्होंने विभाग के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-180-5678 की जानकारी देते हुए कहा कि जलापूर्ति, जल गुणवत्ता, लीकेज अथवा अन्य संबंधित शिकायतें इस नंबर पर दर्ज कराई जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अब तक ग्राम सजूमा में लगभग 50 निजी असुरक्षित पेयजल कनेक्शनों को ठीक करवाया जा चुका है। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि संचालन एवं रख-रखाव नीति-2026 के अंतर्गत कैथल जिले की अब तक 47 ग्राम पंचायतों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।



ग्राम सजूमा में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति में जानकारी देते जिला सलाहकार दीपक कुमार।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता अमित कुमार, तकनीकी सदस्य, बीआरसी संदीप कुमार, सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार चौकीदार जोनी, हाँ आंगनवाड़ी वर्कर नीलम रेणु, सीता सहित ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्य एवं अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।



**कलायत।** सजूमा में ग्रामीणों के बीच मौजूद एसएमओ डा .किरण व डा .साहिल।

### बढ़ रहा पीलिया और टाइफाइड मरीजों का ग्राफ

**कलायत।** कलायत के गांव सजूमा में दूषित पानी के कारण पीलिया व टाइफाइड का संकट जारी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार गांव में कुल 142 संदिग्ध मरीजों की जांच करवाई जा चुकी है। डा.साहिल ने बताया कि इसमें पीलिया रोगियों की संख्या 33 से 37 व टाइफाइड का ग्राफ 12 से 14 पर पहुंच गया है। दूसरी तरह राहत की बात यह है कि अस्पताल में भर्ती छह बच्चों के स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। डॉक्टरों की नियमित निगरानी, समय पर दवाइयां और स्वास्थ्य कर्मियों की सतर्कता के चलते संक्रमण को फैलने से रोकने में सफलता मिल रही है। बीमारी पर काबू पाने के लिए सीएमओ डॉ.रेणू चावला के निर्देशों पर सजुमा स्वास्थ्य केंद्र को एक तरह से उपमंडल स्तरीय स्वास्थ्य केंद्र की तर्ज पर सक्रिय किया गया है। सीमित संसाधनों के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली लोगों का भरोसा जीत रही है। कलायत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फिलहाल केवल चार डॉक्टर कार्यरत हैं। इसमें से दो डाक्टर अवकाश पर हैं। ऐसे में डॉ. साहिल और डॉ. भावना पर बड़ी जिम्मेदारी है।

## खबर संक्षेप

### अच्छे मुनाफे का झांसा देकर ठगे चार लाख

**जींद।** टास्क देकर अच्छे मुनाफे को झांसा देकर एक युवक को साइबर ठगों ने चार लाख आठ हजार का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूलतः गांव मलार हाल आबाद श्याम नगर निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नौकरियों को तैयारी कर रहा है। उसके टेलीग्राम आईडी पर मैसेज आया कि घर बैठे कमाएं। उस पर दिए गए प्रोफार्मा को उसने भर कर भेज दिया।

### चोरों ने लाखों का सामान चोरी किया

**जींद।** जिले में चोरी की अलग-अलग घटनाओं में चोर लाखों का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जींद शहर में रोहतक रोड पर स्थित होंडा एजेंसी में चोर नई बाइक चुराकर ले गए। एजेंसी मालिक शुभम जिंदल ने एफआईआर में बताया कि चोरी की यह घटना 15 जुलाई रात को हुई है। बाइक की कीमत 96 हजार रुपये से ज्यादा है। चोरी की दूसरी घटना अलेवा थाना क्षेत्र के चांदपुर में हुई। किसान के खेतों से सबमर्सिबल के बिजली तार चोरी हो गए।

### मां भगवती की श्रद्धा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण

**उचाना।** गुप्त नवरात्र के पावन अवसर पर मंदिर में मां भगवती की विशेष पूजा.अर्चना एवं आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर सुख, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। महाराजा अग्रसेन पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि गुप्त नवरात्र शक्ति साधना और देवी उपासना का विशेष पर्व है। इन दिनों श्रद्धा,ए भक्ति और नियमपूर्वक मां दुर्गा की आराधना करने से जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं तथा माता रानी अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। मां भगवती की कृपा पाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सत्यए सेवाए संयम और सदाचार का पालन करना चाहिए।

### शिक्षकों का वित्तीय रूप से सशक्त होना जरूरी

**जींद।** महाराजा अग्रसेन स्कूल में सीबीएसई के अंतर्गत शिक्षकों के लिए वित्तीय साक्षरता एवं रिटायरमेंट प्लानिंग पर प्रशिक्षण सेवा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता वित्तीय विशेषज्ञ भास्कर चक्रवर्ती ने कहा कि शिक्षकों का वित्तीय रूप से सशक्त होना आवश्यक है। नियमित बचत बजट, प्रबंधन, सुरक्षित विकल्प महंगाई के प्रभाव, चक्रवृद्धि ब्याज की शक्ति, जोखिम प्रबंधन और रिटायरमेंट के लिए वित्तीय योजना बनाने के महत्व को व्यवहारिक उदाहरण से समझाया।

### विद्यार्थियों को डेंगू के प्रति किया जागरूक

**जींद।** नगूरां गांव के गीता निकेतन पब्लिक तथा चांदपुर गांव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग, विद्यार्थियों व अध्यापकों ने जुलाई माह को डेंगू रोधी मास के रूप में मनाते हुए जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा, स्कूल प्राचार्य केहर सिंह तथा प्राचार्या सरोजबाला ने की। इस दौरान विद्यार्थियों को जागरूक करते स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि डेंगू एडिज मच्छर के काटने से फैलता है। जो मुख्य रूप से दिन के समय काटता है और हमेशा साफ पानी में ही पनपता है।

### गांव निडाना में परिवार ने दंपती पर किया हमला

**जींद।** निडाना में दो महिलाओं सहित चार ने एक दंपती पर हमला कर दिया। जुलाना थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निडाना निवासी सरोज ने पुलिस को दी शिकातय में बताया कि गत चार जुलाई सुबह वह अपने मकान पर थी। जहां पर मकान की चिनाई चली हुई है। वह मिस्त्री को ईंट पकड़ा रहा थी। इसी दौरान पड़ोसी राजवंती, शांति वहां पर आ गई। आते ही उस पर ईंटों से हमला कर दियाए जिसे देख कर पति आजाद छुड़वाने के लिए आया तो उनके परिवार का कप्तान, वीरेंद्र लाठी व डंडे लेकर आ गए।

---

### अधिकारियों के आश्वासन के बाद माने

# बिजली कटौती से नाराज धरतीपुत्रों ने लगाया जाम

## राहगीर-चालकों को करना पड़ा परेशानियों का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** जाम लगाए किसान। *फोटो :हरिभूमि*

सफीदों क्षेत्र के गांवों में पिछले तीन दिनों से लगातार जारी बिजली कटौती ने किसानों की परेशानी को चरम पर पहुंचा दिया है। घोषित कटों और अनियमित बिजली आपूर्ति से नाराज किसानों का गुस्सा गुरूवार को फूट पड़ा। आक्रोशित किसानों ने सफीदों-पानीपत रोड को जाम कर दिया। जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना मिलते ही बिजली निगम के एसडीओ अंकुश गर्ग मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत शुरू की। करीब एक घंटे तक चली वार्ता के दौरान एसडीओ ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा और बिजली आपूर्ति में सुधार किया जाएगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों का गुस्सा कुछ शांत हुआ और उन्होंने जाम खोलने का निर्णय लिया। इसके बाद यातायात को बहाल किया गया और लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि किसानों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि आने वाले दिनों में बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो वे फिर से बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। गांव मलिकपुर, खेड़ा खेमावती और धर्मगढ़ के किसान सफीदों स्थित 220 केवी पावर हाउस पहुंच गए। किसानों ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से बातचीत करने की कोशिश की, तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इससे नाराज होकर किसानों ने सुबह करीब सात बजे सफीदों-पानीपत रोड को जाम कर दिया। इससे पहले प्रदर्शनकारी किसानों ने 220 केवी पावर हाउस के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया और वहीं धरने पर बैठकर बिजली निगम के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शन में शामिल किसानों ने बताया कि धर्मगढ़ फीडर से जुड़े गांवों में बिजली की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। पिछले तीन दिनों से रात के समय लगातार चार-चार घंटे तक बिजली गायब रहती है। जिससे खेतों में सिंचाई का काम पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। धान और अन्य फसलों के लिए इस समय पानी बेहद जरूरी है लेकिन बिजली की कमी के कारण किसान अपनी फसलों को समय पर पानी नहीं दे पा रहे हैं। किसानों ने बताया कि केवल खेतों में ही नही बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली की आपूर्ति बेहद खराब है। रात के समय लंबे कट लगने से लोगों को दैनिक जीवन में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं गर्मी के मौसम में बिजली न होने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। प्रदर्शन कर रहे किसानों का आरोप था कि उन्होंने कई बार अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला। उनका कहना था कि जब वे अपनी समस्या लेकर पावर हाउस पहुंचे तो अधिकारियों ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया और न ही कोई ठोस समाधान बताया। इससे आक्रोशित होकर किसानों को मजबूरन सड़क जाम करने जैसा कदम उठाना पड़ा।

---

# निपुण मिशन की गतिविधियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ जिला समन्वयक एफएलएन ने डिफेंस कॉलोनी क्लस्टर बैठक का किया अवलोकन

निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत विद्यालयों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डिफेंस कॉलोनी क्लस्टर की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का अवलोकन जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने किया। बैठक में क्लस्टर स्तर पर संचालित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की सीखने की प्रगति तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में क्लस्टर हेड नरेंद्र खटकड़, बीआरपी नरेंद्र शर्योकंद तथा बीआरपी पवन बूरा ने क्लस्टर के अंतर्गत संचालित एफएलएन गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में बच्चों की भाषा एवं गणितीय दक्षता बढ़ाने के लिए नियमित रूप से गतिविधि आधारित शिक्षण, टीएलएम का उपयोग, समूह कार्य, प्रिंट रिच वातावरण तथा सतत मूल्यांकन जैसी गतिविधियों को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही शिक्षकों द्वारा छात्रों की सीखने की उपलब्धियों का नियमित आकलन भी किया जा रहा है। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बैठक को संबोधित करते कहा कि निपुण भारत मिशन का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को निर्धारित कक्षा स्तर के अनुरूप भाषा और गणित में दक्ष बनाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विद्यालयों में गतिविधि आधारित शिक्षण को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखें, बल्कि खेल-खेल में सीखने, समूह गतिविधियों और नवाचारों के माध्यम से कक्षा को आनंददायक बनाएं ताकि प्रत्येक बच्चा सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग ले सके।

### तेज रफ्तार गाड़ी ने मारी टक्कर, मजदूर की मौत

**जींद।** गांव बड़ौद-बसीनी मार्ग पर तेजरफ्तार गाड़ी की टक्कर से खेत से मजदूरी कर लौट व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बडौद निवासी शमशेर गांव बसीनी की तरफ खेत में मजदूरी करने गया हुआ था। देर शाम को जब शमशेर घर वापस लौट रहा था तो पीछे से आ रही तेजरफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें शमशेर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। गंभीर हालात में शमशेर को नागरिक अस्पताल सफीदों ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने शमशेर की गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। रास्ते में शमशेर ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद शव को वापस नागरिक अस्पताल सफीदों लाया गया।

# इनसो जिला अध्यक्ष नियुक्त करने पर अंकित सिहाग ने जताया आभार

## जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाऊंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



इनसो जिला जींद का अध्यक्ष अंकित सिहाग को नियुक्त किया है। अंकित सिहाग ने कहा कि उन्हें इनसो जिला जींद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके लिए मैं पार्टी हाईकमान जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक डा. अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जजपा के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला, इनसो के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक, युवा प्रदेश महासचिव विकास सिहाग का आभार व्यक्त किया। अंकित सिहाग ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। इनसो के साथ ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को जोड़कर छात्र हितों की आवाज को मजबूती से उठाया जाए। जिस प्रकार से हम पहले भी इनसो के झंडे के नीचे छात्रों की आवाज उठाते रहे हैं, उसी तरह अब दिन दोगुनी रात चौगुनी मेहनत करके जींद के अंदर इनसो को मजबूत करने का काम करेंगे।

---

### सुनियोजित परिवार का महत्व बताया

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव बरसोला में 11 से 18 जुलाई तक चल रहे जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान अंजू एवं सुमित कुमारी एमपीएचडब्ल्यू ने ग्रामीणों, नवविवाहित दंपत्तियों एवं योग्य लाभार्थियों को जनसंख्या स्थिरता मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन के विभिन्न अस्थायी एवं स्थायी साधनों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को छोटे एवं सुनियोजित परिवार के महत्व से अवगत कराना तथा परिवार नियोजन सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना था। एमपीएचडब्ल्यू सुमित कुमारी व अंजू ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या का सीधा प्रभाव स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, आवास, पेयजल तथा प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ता है।



परिवार नियोजन को लेकर जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी।



**जींद।** रोष जताते हुए अध्यापक। *फोटो :हरिभूमि*

### सार्वजनिक अवकाशों को खत्म करने की साजिश

**जींद।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के जिला प्रधान हैप्पी सिंह, महासचिव मामराज ने कहा कि रविवार 19 जुलाई को मुख्यमंत्री सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक स्कूल प्रबंधन कमेटी एवं विद्यालय स्टाफ को ऑनलाइन संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि क्या इस तरह के संबोधन के लिए शुभ मुहूर्त केवल सार्वजनिक अवकाश के दिन ही उपयुक्त है या एक सुनियोजित तरीके से सार्वजनिक अवकाशों को धीरे-धीरे खत्म करने साजिश रची जा रही है। संगठन इस तरह के तुगलकी फरमानों की कड़े शब्दों में निंदा करता है। कहा कि शिक्षा की बेहतरी के नाम पर अनाप श्नाप-फरमान जारी किए जाते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि शिक्षकों पर पढ़ाई के सिवाय सभी प्रकार के कार्य थौंपे जा रहे हैं।

### फीस जमा करने की तिथि बढ़ाने की मांग

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चौधरी रणबीर सिंह विवि के कुलपति प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपकर स्नातकोत्तर प्रवेश प्रक्रिया में री अपीयर एवं रीवैल्यूएशन वाले विद्यार्थियों को प्रोविजनल एडमिशन देने तथा द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों की फीस जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की। एबीवीपी जींद विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने बताया वर्तमान में विश्वविद्यालय में पीजी प्रवेश प्रक्रिया जारी है लेकिन बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का स्नातक का परिणाम अभी पूर्ण रूप से घोषित नहीं हुआ है। कई विद्यार्थियों की रीअपीयर है, जबकि अनेक विद्यार्थियों ने रीवैल्यूएशन के लिए आवेदन किया है या आवेदन करने वाले हैं। ऐसे विद्यार्थियों को केवल परिणाम लंबित होने के कारण प्रवेश से वंचित करना उनके भविष्य के साथ अन्याय होगा।



**जींद।** वीसी प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी कार्यकर्ता।



**उचाना।** ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### पीएम आज हाइड्रोजन ट्रेन को करेंगे रवाना : अत्री

**उचाना।** उचाना विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि शुक्रवार 17 जुलाई को जींद की धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एशिया की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाना हरियाणा और देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। प्रधानमंत्री 14,700 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास कर प्रदेश को विकास की बड़ी सौगात दी है। उचाना विधायक देवेंद्र अत्री गुचर को उचाना खंड के विभिन्न गांवों के दौरे के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विधायक ने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन भारत को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और आत्मनिर्भर परिवहन व्यवस्था की दिशा में नई पहचान दिलाएगा। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और विकसित भारत के संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जींद जिले के लिए यह दिन हमेशा यादगार रहेगा।

---



**जींद।** सांग चंद्रकिरण का मंचन करते कलाकार। *फोटो :हरिभूमि*

### सांग चंद्र किरण का मंचन कर मोहा सबका मन

**जींद।** हरियाणा कला परिषद एवं तृप्ति कल्चरल सोसाइटी जींद के संयुक्त तत्वावधान में सोम तीर्थ पांडू पिंडारा में आयोजित कवि बाजे भगत की जयंती के उपलक्ष में सांग एवं रागिनी महोत्सव का समापन हो गया। कार्यक्रम के तीसरे दिन हरियाणा कला परिषद् के कलाकार धर्मबीर एवं सांग दल ने कवि बाजे भगत द्वारा रचित प्रसिद्ध सांग चंद्र किरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संयोजक व तृप्ति कल्चरल सोसाइटी के सचिव मुकेश ने बताया की कार्यक्रम के दूसरे दिन हरियाणा कला परिषद के कलाकार धर्मबीर एव सांग दल ने सांग चंद्र किरण की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। वहीं कार्यक्रम के तीसरे दिन मुख्यातिथि के तौर पर वरिष्ठ रंगकर्मी डा. हनीफ भट्टी ने शिरकत की ओर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध हरियाणवी लोक नृत्य कलाकार रीतू शर्मा ने की। कला परिषद के कलाकार धर्मबीर एवं सांग दल के कलाकारों ने सांग चंद्र किरण के माध्यम से बताया कि जब राजकुमारी चंद्रकिरण को सपने में पता चलता है कि उनके पति कैद में हैं तो वह राजपाठ छोड़कर उन्हें छुड़ाने के लिए निकल पड़ती है।

# बड़ौदा सर्विस रोड के गड्ढों से चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



**उचाना।** बड़ौदा सर्विस रोड पर बने गड्ढे। *फोटो :हरिभूमि*

उचाना खंड के गांव बड़ौदा के सर्विस रोड पर बने गहरे गड्ढे आने-जाने वाले वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। बारिश के बाद सर्विस रोड पर पानी भर जाने से वाहन चालकों को गड्ढों का पता नहीं चल पाता, जिससे वाहनों के स्पेयर पार्ट्स भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। कई स्थानों पर गड्ढे काफी गहरे हैं और उनमें पत्थर भी डाले गए हैं। वाहन चालकों ने गड्ढों को भरने के साथ-साथ सड़क का निर्माण होने तक पैचवर्क करवाने की मांग की है ताकि लोगों को राहत मिल सके। वाहन चालक सतीश, सुलतान, बलजोर और राममेहर ने बताया कि बड़ौदा में घोघड़िया गांव की ओर जाने वाले सर्विस रोड पर कई जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं। इससे रोजाना आवागमन करने वाले वाहनों के स्पेयर पार्ट्स को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार संबंधित विभाग से पैचवर्क कराने की मांग की जा चुकी है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। बारिश के दौरान जलभराव होने से गड्ढे और अधिक गहरे हो जाते हैंए जिससे हादसे का खतरा भी बढ़ गया है। एसडीएम रमित यादव ने कहा कि इस संबंध में एनएचएआई के अधिकारियों से बातचीत की जाएगी। आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



**जींद।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूक करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### मत रखो निरक्षर, बेटियां भी बनेंगी बड़ी अफसर

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुलाना के तहत गतौली गांव में जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जंतरी एएनएम ने की। सभा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, अभियान, एचपीवी वैक्सीनेशन व स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के प्रति प्रेरित करना था। जंतरी व पूजा एएनएम ने संबोधित करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के कारण गिरता लिंगानुपात हमारे देश के सामने एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। इस समस्या के समाधान के लिए केवल सरकार ही नही बल्कि समाज के हर व्यक्ति को आगे आना होगा। हमें अपनी रूढ़िवादी सोच त्यागनी होगी और यह समझना होगा कि संतान ईश्वर की देन है, लड़का और लड़की दोनों समान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि श्बेटी घर का भार नहींए बल्कि घर की रोशनी होती है। जंतरी बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का उद्देश्य बालिकाओं को सुरक्षित करना, उनकी शिक्षा सुनिश्चित करना, उन्हें शोषण से बचाना तथा समाज में आत्मनिर्भर बनाना है।

---

### स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अशरफगढ़ में चलाया फीवर मास सर्वे

# स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत गांव अशरफगढ़ में स्वास्थ्य विभाग द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। यह अभियान स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह एवं विजेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान सोनू, संतकुमार, जितेंद्र सैनी, ममता व नर्वदा स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जानकारी ली बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की तथा उन्हें समय पर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। जिन लोगों में बुखार के लक्षण पाए गए, उनकी मलेरिया जांच के लिए रक्त स्लाइड तैयार कर प्रयोगशाला भेजी गई ताकि समय रहते मलेरिया की पुष्टि कर उपचार शुरू किया जा सके। सर्वे के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रत्येक परिवार को मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीणों को बताया गया कि बरसात के मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी मच्छरों के प्रजनन को बढ़ावा देती है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए घर, आंगन, गलियों तथा सार्वजनिक स्थानों पर साफ.-सफाई बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह एवं विजेंद्र सिंह ने बताया कि मलेरिया संक्रमित मादा एनाफलीज मच्छर के काटने से फैलने वाली गंभीर बीमारी है लेकिन समय पर जांच और उपचार से इसे पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है।

**बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें**

कहा कि स्वयं दवा लेने के बजाय स्वास्थ्य विभाग की सलाह के अनुसार उपचार करवाना अधिक सुरक्षित और प्रभावी होता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। कूलर, पानी की टंकियां, गमले, पुराने टायर, नारियल के खोल, कबाड़ तथा अन्य ऐसे स्थान जहां पानी रुक सकता है, उन्हें नियमित रूप से साफ करें। सप्ताह में कम से कम एक दिन ड्राई डे के रूप में मनाकर सभी पानी के पात्रों को खाली करने की आदत अपनाएं। इसके अलावा पूरी बाजू के कपड़े पहनें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें तथा बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को मच्छरों से विशेष रूप से सुरक्षित रखें।

# पीडब्ल्यूडी कर्मियों ने जनविरोधी नीतियों को लेकर जताया विरोध

■ 18 जुलाई को होने वाले राज्यस्तरीय प्रदर्शन को लेकर तैयार की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ लोक निर्माण विभाग ब्रांच जींद के पदाधिकारियों की बैठक यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर रोष प्रकट किया और आगामी 18 जुलाई को होने वाले प्रदर्शन को लेकर रणनीति तैयार की गई। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों की जायज मांगों को अनसुना कर रही है, जिससे पूरे प्रदेश के मैकेनिकल वर्करों में भारी निराशा और रोष है। अपनी मांगों को मनवाने के लिए आगामी 18 जुलाई को लोक निर्माण विभाग तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार आवास पर राज्यस्तरीय विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में इस प्रदर्शन को ऐतिहासिक बनाने और जिला व ब्रांच स्तर से भारी संख्या में कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। यूनियन के नेताओं ने कड़े शब्दों में चेताया कि सरकार कर्मचारियों के धैर्य की परीक्षा न ले। जिला प्रधान विजेंदर शर्मा और लोक निर्माण विभाग ब्रांच जींद प्रधान अजमेर लाठर ने कहा कि विभाग में खाली पड़े पदों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाली और वर्करों की तकनीकी वेतनमान सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर कर्मचारी लंबे समय से आवाज उठा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### कलायत अनाज मंडी में लगाया भंडारा

**कलायत।** कलायत अनाज मंडी में वीरवार को मुनीम एसोसिएशन की तरफ से बाबा पीर धार्मिक स्थल पर वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में किसान, मजदूर, व्यापारी, अधिकारी-कर्मचारी व आम लोगों ने हिस्सा लिया। आयोजन की शुरूआत हवन से हुई। इसमें विश्व कल्याण एवं शांति के लिए आहुति डाली गई। एसोसिएशन प्रधान लीला राम शर्मा ने बताया कि संगठन की तरफ से हर वर्ग अनाज मंडी में स्थित पीर बाबा धार्मिक स्थल पर भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### गुरुकुल शिक्षा पद्धति से बनता है छात्रों का भविष्य

**पूंडरी।** गुरुकुल पूंडरी की प्रबंध निदेशक कुसुम कंसल ने कहा कि वर्तमान समय में केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है, ताकि वे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के साथ-साथ एक जिम्मेदार नागरिक भी बन सकें।

### 20 से मनेगा व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह : ऋतु

**कैथल।** जिला रोजगार अधिकारी डॉ. ऋतु चहल ने बताया कि कार्यालय द्वारा 20 जुलाई से 24 जुलाई 2026 व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस सप्ताह का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के विभिन्न अवसरों और उनके लिए आवश्यक कौशल विकास के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को उनके करियर के प्रति मार्गदर्शन पर फोकस किया जाएगा।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का मरीजों ने उठाया लाभ

**कैथल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शंकुतला दहिया ने बताया कि महानिदेशक आयुष हरियाणा के आदेशानुसार प्रत्येक माह के प्रत्येक वीरवार को बुजुर्गों के लिए निःशुल्क ओपीडी निर्धारित की गई है। वीरवार को सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी तथा आयुर्वेदिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सब-सैन्टरों पर बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं निःशुल्क औषधि वितरण शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य स्थिति का चिकित्सकों द्वारा विस्तारपूर्वक परीक्षण किया गया।

### जमानती के नाम पर 6 आधार कार्ड मिले

**कैथल।** जमानत के लिए पेश किए गए एक जमानती के नाम पर 6 अलग-अलग आधार कार्ड नंबर मिलने पर गुहला थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। मामला एसडीजेएम गुहला अक्षय चौधरी की अदालत में सुनवाई के दौरान सामने आया। अदालत में एफआईआर नंबर 137/2025 के एक मामले में आरोपी सिमरनजीत उर्फ सीमा की ओर से नियमित जमानत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से नियमित जमानत मिलने के बाद आरोपी को एक लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के एक जमानती पर जमानत देने की प्रक्रिया चल रही थी।

### कृषि ट्रांसफार्मर का सामान चोरी

**कैथल।** गांव अजीमगढ़ में खेत में लगे कृषि ट्रांसफार्मर का सामान चोरी हो गया। बिजली निगम से मिली शिकायत के बाद गुहला थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गुहला के एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि 28-29 मई को खेत में स्थापित 25 केवी क्षमता के ट्रांसफार्मर से चोर सामान चोरी कर ले गए।

## ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

# फोक डांस में जिजीएसएसएस पूंडरी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बढ़ाया गौरव

- विजेता विद्यार्थी अब जिला स्तर पर करेंगे प्रतिनिधित्व

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी**

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, पूंडरी में आयोजित ब्लॉक स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं से 8वीं तथा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने स्किट, फोक डांस, फोक डांस ग्रुप और रागनी सोलो सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता प्रतिभागी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे।




**कैथल।** प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

कक्षा 9वीं से 12वीं की स्किट प्रतियोगिता में जीएचएस चंदलाना प्रथम, जीएसएसएस करोड़ा द्वितीय तथा जीएसएसएस साकरा तृतीय स्थान पर रहा। जीएसएसएस फतेहपुर को सांत्वना पुरस्कार मिला। कक्षा 5वीं से 8वीं की स्किट प्रतियोगिता में पीएम श्री जीएसएसएस पाई ने प्रथम, जीएचएस मुन्नारेड़ी ने द्वितीय, जीएसएसएस पबनावा ने तृतीय तथा जीएसएसएस जडोला ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

कक्षा 9वीं से 12वीं के फोक डांस में जीजीएसएसएस पूंडरी प्रथम, जीजीएसएसएस फरल द्वितीय तथा जीजीएसएसएस पाई तृतीय स्थान पर रहे। सांत्वना पुरस्कार जीजीएसएसएस रसीना को मिला। फोक डांस ग्रुप में पीएम जीजीएसएसएस फरल प्रथम, जीएमएसएसएस पूंडरी द्वितीय तथा जीजीएसएसएस सिरसल तृतीय रहे। रागनी सोलो प्रतियोगिता में जीजीएसएसएस फतेहपुर ने प्रथम, जीजीएसएसएस पूंडरी ने द्वितीय तथा जीएमएसएसएस पूंडरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 5वीं से 8वीं के फोक डांस में जीएचएस चंदलाना प्रथम, जीएमएसएसएस पूंडरी द्वितीय तथा जीएसएसएस बाकल तृतीय स्थान पर रहे। फोक डांस ग्रुप में जीजीएसएसएस पूंडरी ने प्रथम, जीजीएसएसएस पाई ने द्वितीय तथा जीजीएसएस बरसाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रागनी सोलो में जीजीएसएसएस पूंडरी प्रथम, जीजीएसएसएस पाई द्वितीय तथा जीएमएसएसएस पूंडरी तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने हरियाणवी लोक संस्कृति, संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### दी शुभकामनाएं

बीईओ सुरेंद्र हुड्डा ने कहा कि सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा को मंच प्रदान करती हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। इस अवसर पर ब्लॉक के सभी सरकारी विद्यालयों के प्राचार्य एवं अध्यापक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में विक्की डोलिया, सुमित शर्मा, बीरभान शर्मा, सुधीर कुमार, कृष्ण गोरा एवं रजनीबाला ने अपनी सेवाएं दीं।




**कैथल।** हरियाणा विमुक्त घुमंतू व टपरीवास समुदाय विकास बोर्ड के चेयरमैन जसमेर सिंह बंजारा बैठक को संबोधित करते हुए फोटो : हरिभूमि

# विमुक्त घुमंतू व टपरीवास समुदाय का उत्थान जरूरी

- पंक्ति में खड़े अंतिम और वंचित व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाना किया जाए सुनिश्चित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

हरियाणा विमुक्त घुमंतू व टपरीवास समुदाय विकास बोर्ड के चेयरमैन जसमेर सिंह बंजारा ने लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस हॉल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर समुदाय के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। इससे पहले उन्होंने डीसी अपराजिता से सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत बातचीत भी की। बैठक में चेयरमैन जसमेर सिंह बंजारा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा विमुक्त घुमंतू एवं टपरीवास समुदाय के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि पोलियो व अन्य टीकाकरण अभियान के दौरान कोई भी व्यक्ति न छुटे, सभी को शामिल किया जाए। इसके लिए स्टाफ को भी मोटिवेट करें। अन्य योजनाओं का भी लाभ प्रदान किया जाए। पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि ऐसे लोगों को जागरूक किया जाए और यातायात के नियमों की पालना सुनिश्चित करवाएं। शिक्षा विभाग के अधिकारी ऐसे समाज के लोगों को पढ़ाई से वंचित न रखें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एडीसी डॉ. सुशील कुमार, डीडीपीओ रितू लाठर, डीआरओ चंद्र मोहन, सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला, डीएसपी रमेश चंद्र व बीरभान, डीएसडब्ल्यूओ अमितेंद्र, डीइओ प्रमोद कुमार, कार्यकारी अभियंता मनीष कुमार, गोपाल वैद्य, डीडब्ल्यूओ सीमा रानी, राजकुमार, मोहन लाल, सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन भीम सैन, सुरेंद्र वाल्मीकि, प्रवीण प्रजापति, पाला राम, विजेंद्र कुमार, नरेश सजूमा, ऊषा मचल आदि मौजूद रहे।

# नशा होता अच्छा तो मां कहती खा ले मेरे बच्चे : डॉ. अशोक

- पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, तितरम (कैथल) में नशे के विरुद्ध व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य उमेश कुमार भारद्वाज एवं उप प्राचार्य ओम प्रकाश ने की। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र को कमजोर करता है। यदि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहेगी तो देश का भविष्य सुरक्षित और समृद्ध होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने मित्रों, परिवार तथा आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने काव्य और गायन के माध्यम से भी विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि यदि नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। कहा कि जागरूकता के आभाव में नशा कारोबारी अपने स्वार्थ के लिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करते हैं।



**कैथल।** डा. अशोक कुमार वर्मा विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाते हुए।


### वोट बनवाने से वंचित न रहे कोई मतदाता

**कैथल।** एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। एडीसी ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र नागरिकों तक पहुंचकर उन्हें मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी पात्र नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों, शहरी क्षेत्रों, शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए।

# समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें, निपटाने के दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका**

एसडीएम कार्यालय गुहला में समाधान शिविर के दौरान एसडीएम मनीष कुमार यादव ने क्षेत्रवासियों की शिकायतें व समस्याएं सुनी। उन्होंने मौजूद अधिकारियों से मौके पर ही कई शिकायतों का निपटान करवाया। साथ ही उन्होंने पुरानी शिकायतों के बारे में अधिकारियों से फीडबैक ली। एसडीएम ने शिकायतें सुनने के दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए कहा कि समाधान शिविर के अलावा कार्यालय में आने वाली प्रत्येक शिकायत को मार्क कर कार्यालय में लंबित न रखें। समय रहते ही शिकायतों का समाधान करना सुनिश्चित करें। प्रत्येक दिन अपने कार्य में सुधार लाने व रिकार्ड को दुरुस्त करने पर ध्यान दें। समाधान शिविर में मुख्यतः प्रोपर्टी आईडी, आधार कार्ड में त्रुटि, निशानदेही, तालाबों से कब्जे हटवाने सहित दर्जनों शिकायतें आई। एसडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुन संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान में काफी कारगर साबित हो रहे है। सभी विभागों के अधिकारी एक ही समय में एक ही स्थान पर मौजूद रहकर आमजन की शिकायत व समस्या को सुन उसका निवारण करने का काम करते है। आमजन भी इन शिविरों के आयोजन से काफी संतुष्ट है।



**गुहला-चीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव लोगों की शिकायत सुनते हुए।

### स्वच्छ गांव ही स्वस्थ समाज की पहचान



**ढांड।** गांव कौल में जिला परिषद के तत्वावधान में शहीद प्रेमसिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कन्या महाविद्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जाने वाली मुख्य सड़क पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती, विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क और आसपास के क्षेत्र की सफाई की।

अभियान के दौरान जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल ने कहा कि स्वच्छता किसी एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार प्रतिदिन अपने घर के साथ-साथ आसपास के सार्वजनिक स्थानों की भी सफाई का ध्यान रखे तो गांवों की तस्वीर पूरी तरह बदल सकती है। स्वच्छ वातावरण से डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ गांव ही स्वस्थ और समृद्ध समाज की पहचान होता है तथा इसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि शादी, धार्मिक आयोजन और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में प्लास्टिक व डिस्पोजल सामग्री का प्रयोग कम से कम करें तथा पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाएं।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद**

ब्रह्माकुमारीज सुख शान्ति भवन, राजौंद में विश्व पर्यावरण को शुद्ध बनाने के उद्देश्य से "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में असंध सेवाकेंद्र की इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उषा दीदी ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण विकराल रूप ले चुका है, ऐसे में हर व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझनी चाहिए। पर्यावरण को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए जहां भी खाली स्थान मिले, वहां पेड़ लगाकर प्रकृति से जुड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में खुशी चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनका पालन-पोषण करें। उषा दीदी ने कहा कि जब तक मनुष्य आत्मकेंद्रित रहेगा, तब तक वह स्वयं और प्रकृति दोनों का नुकसान करता रहेगा। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए एक जनआंदोलन की आवश्यकता है, जिसमें सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जन्मदिन, शुभ अवसर या किसी बुजुर्ग की स्मृति में एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, जिससे पर्यावरण सुरक्षित रह सके।



**राजौंद।** ब्रह्माकुमारी सुख शांति भवन राजौंद में आयोजित पौधरोपण करते हुए उषा दीदी व अन्य सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# जेसीआई कैथल स्टार ने लेबर चौक पर लगाया वाटर कूलर

**कैथल।** समाज सेवा एवं जनकल्याण के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए जेसीआई कैथल स्टार ने शहर के लेबर चौक पर आमजन, श्रमिकों एवं राहगीरों की सुविधा के लिए आरओ युक्त वाटर कूलर स्थापित कर जनहित को समर्पित किया। इसके साथ ही डीपीएस स्कूल के सामने जेसीआई कैथल स्टार द्वारा स्थापित सिटी वेलकम बोर्ड का भी राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपीपी भारत एन. आचार्य के कर-कमलों द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत एन. आचार्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ जेसीआई ज़ोन-1 के ज़ोन प्रेसिडेंट जेसी सोमन गोयल, ज़ोन वाइस प्रेसिडेंट विभु अरोड़ा, ज़ोन वाइस प्रेसिडेंट विनोद यादव, ज़ोन डायरेक्टर (ट्रेनिंग) अनूप धीर तथा ज़ोन डायरेक्टर (लेडी जेसी विंग) लेडी जेसी वर्तिका जैन बंसल सहित जेसीआई इंडिया के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को एफएम रजत सिंगला, अध्यक्ष, जेसीआई कैथल स्टार ने संबोधित किया।



**कैथल।** जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत एन. आचार्य का स्वागत करते पदाधिकारी।

# नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने लॉन्च किया 'प्रोजेक्ट साहस'

**कैथल।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा एक निजी प्रतिष्ठान में 'प्रोजेक्ट साहस' का पोस्टर जारी कर अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शुभम ऐरी ने परियोजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की जेलों में बंदियों के समग्र विकास एवं पुनर्वास को समर्पित है। परियोजना के माध्यम से बंदियों को स्वास्थ्य, आत्मबल, हुनर, अधिकार और सम्मान से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, ताकि सजा पूरी होने के बाद वे आत्मविश्वास के साथ समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। कार्यक्रम में सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान एवं आवेश सिंह ने पत्रकारों के साथ सांसद नवीन जिन्दल का विजन साझा करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन तभी संभव है, जब सुधार और पुनर्वास को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने बताया कि 'प्रोजेक्ट साहस' इसी सोच को साकार करने की एक सार्थक पहल है।



**कैथल।** जानकारी देते जिंदल संस्थान के पदाधिकारी व अन्य।

**धर्म-कर्म** | आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि के शुभारंभ पर माता मनसा देवी मंदिर में लगा भक्तों का तांता

# माता रानी की कृपा से हर घर में खुशहाली शांति और उन्नति का हो वास : वालिया

मां भगवती से सभी के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी**

आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि के शुभारंभ पर माता मनसा देवी मंदिर फतेहपुर कमेटी के प्रधान संजीव वालिया ने क्षेत्रवासियों, श्रद्धालुओं एवं समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए मां भगवती से सभी के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि गुप्त नवरात्रि केवल देवी उपासना का पर्व नहीं, बल्कि आत्मशक्ति, संयम, साधना और आध्यात्मिक जागृति का विशेष अवसर भी है। इन नौ दिनों में मां आदिशक्ति के विभिन्न स्वरूपों की आराधना करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नवरात्रि का विशेष महत्व है। गुप्त नवरात्रि विशेष रूप से साधना, तपस्या और मां भगवती की आराधना का पर्व माना जाता है। इस दौरान श्रद्धालु पूरे विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, व्रत, हवन और मंत्र जाप कर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मां की कृपा से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और परिवार में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। संजीव वालिया ने कहा कि माता मनसा देवी अपने भक्तों की सच्ची श्रद्धा और भक्ति से प्रसन्न होकर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि गुप्त नवरात्रि के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों की सहायता करें, गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण और मानव सेवा जैसे कार्यों में भी भाग लें। यही सच्ची श्रद्धा और मां भगवती की आराधना है। उन्होंने कहा कि आज समाज को प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव की सबसे अधिक आवश्यकता है। मां भगवती से प्रार्थना है कि वह सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, वैभव और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें तथा देश और प्रदेश निरंतर उन्नति के मार्ग पर अग्रसर रहे।



**पूंडरी।** गुप्त नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते प्रधान संजीव वालिया साथ में अन्य। फोटो : हरिभूमि



## आज देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को प्रधानमंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

# पीएम के स्वागत के लिए जींद तैयार

- हाइड्रोजन ट्रेन के अलावा प्रदेश को देंगे करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात
- पीएम मोदी के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध, पांच हजार से अधिक कर्मचारी व अधिकारी तैनात
- कार्यकर्ताओं के लिए 51 क्विंटल लड्डू तैयार करवाए गए, ई-वाहनों में पहुंचेंगे रैली स्थल पर
- पीएम सिक्योरिटी ने डाला जींद में डेरा, लिया रेलवे जंक्शन व हुडा ग्राउंड का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन वाली ट्रेन के ऐतिहासिक उद्घाटन के लिए हरियाणा का जींद जिला पूरी तरह तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जींद पहुंच कर हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन करने जा रहे हैं। हाइड्रोजन ट्रेन के अलावा पीएम मोदी प्रदेश को हजारों करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। इस दौरे को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई है। प्रशासन ने प्रधानमंत्री की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पांच हजार से अधिक पुलिस कर्मियों, अधिकारियों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के जवानों को तैनात किया है। जींद रेलवे जंक्शन और हुडा ग्राउंड को पूरी तरह पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।









जींद। जींद जंक्शन जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे तथा रैली स्थल पर तैयार किया गया पंडाल। फोटो : हरिभूमि

### हाइड्रोजन ट्रेन हरित परिवहन की नई क्रांति

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी के हाथों होना बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह ट्रेन पर्यावरण अनुकूल ईंधन हाइड्रोजन पर चलेगी, जिससे कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी आएगी। रेल मंत्रालय के अनुसार यह ट्रेन शुरू में जींद-सोनपीत रूट पर चलाई जाएगी। यह परियोजना भारत को रेलवे क्षेत्र में आत्मनिर्भर और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मजबूत कदम साबित होगी।

### इन विकास परियोजनाओं का भी होगा आगाज

हाइड्रोजन ट्रेन के उद्घाटन के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को विकास की कई बड़ी सौगातें देने वाले हैं। इनमें सड़क, रेलवे, स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि से जुड़ी हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं। हाइड्रोजन ट्रेन के अलावा प्रधानमंत्री इस दौरे के दौरान वर्चुअली कई अन्य बड़ी परियोजनाओं को जनता को समर्पित करेंगे। जिनमें कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन लागत करीब 350 करोड़, भिवानी और नारनौल के नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन, अंबाला में बना 1857 का शहीद स्मारक (लागत 600 करोड), दिल्ली-जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे का हरियाणा वाला हिस्सा और अंबाला-काला अंब ग्रीनफील्ड कॉरिडोर तथा कुरुक्षेत्र में बनने वाले आधुनिक सिख म्यूजियम का शिलान्यास भी करेंगे। इन परियोजनाओं से जींद सहित पूरे हरियाणा के विकास को नई गति मिलेगी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया है।

### पीएम सुरक्षा दल ने पहले ही जींद में डेरा डाला

पीएम सुरक्षा दल ने पहले ही जींद में डेरा डाल लिया है। दल के सदस्यों ने रेलवे जंक्शन और हुडा ग्राउंड का जायजा लिया और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों की समीक्षा की। आसपास के इलाकों में यातायात को पूरी तरह नियंत्रित कर दिया गया है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय के दौरान इन क्षेत्रों से दूर रहें। पीएम सुरक्षा को और अधिक पुख्ता करने के लिए बुधवार से सेना के हेलीकॉप्टर आसमान से नजर रखे हुए हैं।

### निर्धारित क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

जींद जिले में चारों तरफ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था दिखाई दे रही है। रेलवे स्टेशन, हुडा ग्राउंड और आसपास के प्रमुख मार्गों पर भारी संख्या में जवान तैनात हैं। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित जींद दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से कड़े अहतियाती कदम उठाए हैं। जिलाधीश एवं उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 तथा ड्रोन नियम 2021 के नियम 24 के तहत आदेश जारी करते हुए 17 जुलाई 2026 को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान जींद जिले में निर्धारित क्षेत्र में ड्रोन सहित सभी प्रकार के मानव रहित उड़ान यंत्रों के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश के तहत ड्रोन, ग्लाइडर, रिमोट कंट्रोल विमान, फ्लाइंग कैमरा, क्वाडकॉप्टर, हेलीकैम तथा अन्य सभी प्रकार के मानव रहित उड़ान उपकरणों के उड़ाने पर संबंधित स्थलों के पांच किलोमीटर के दायरे में पूर्ण प्रतिबंध है।

### जिला के लोगों में भारी उत्साह

जिले के लोगों में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भारी उत्साह है। विभिन्न सामाजिक संगठन, व्यापारी और भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व नेता स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जगह-जगह स्वागत गेट, बैनर और पोस्टर लगाए गए हैं।

### प्रधानमंत्री का दूसरी बार आना ऐतिहासिक अवसर : डॉ. मिड्ढा

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूसरी बार आना बहुत महत्वपूर्ण है। हाइड्रोजन ट्रेन जैसी आधुनिक तकनीक का उद्घाटन यहां हो रहा है। यह न केवल रेलवे इतिहास में नया अध्याय जोड़ेगा बल्कि हरियाणा को ग्रीन एनर्जी हब बनाने की दिशा में भी मजबूत आधार प्रदान करेगा। कार्यकर्ताओं के लिए 51 क्विंटल लड्डू तैयार करवाए गए हैं।

### हाइड्रोजन ट्रेन के खूब वीडियो डले

मीडिया पर लोग वीडियो डालकर जींद से हाइड्रोजन ट्रेन चलने को लेकर खुशी जाहिर कर रहे हैं। इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो में महिलाएं कहती हैं कि 17 जुलाई को पीएम मोदी ट्रेन का उद्घाटन करने आ रहे हैं और वे भी कार्यक्रम में जाएंगी। वीडियो में कुछ महिलाएं बैठी हैं और वह आपस में बातें कर रही हैं। वहीं एक वीडियो में इंटरनेट मीडिया पर यह भी दिखाया जा रहा है कि मोदी जी के आने की खुशी में दो दिन में ही जींद को चंडीगढ़ बना दिया गया है। इसके अलावा एक अन्य वीडियो में व्यक्ति कह रहा है कि मोदी जी जींद आ रहे हैं तो सभी विभाग के कर्मचारियों की रेल बनी हुई है।

## स्पेशल ट्रेन से आएंगे रेल मंत्री, प्लेटफार्म नंबर एक के पास बनेगा मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन आमजन के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी प्रसिद्ध हो गई है। अब लोग हाइड्रोजन ट्रेन के चलने को लेकर काफी उत्साहित हैं ताकि ट्रेन में बैठ कर सेल्फी ले सकें। सोशल मीडिया पर लोग रेलवे जंक्शन के सामने खड़े होकर वीडियो भी बना रहे हैं और वीडियो को इंस्टा, फेसबुक व अन्य सोशल अकाउंट पर डाल रहे हैं। हालांकि हाइड्रोजन ट्रेन के पास किसी को भी जाने की इजाजत नही है। इसके अलावा पीएम कार्यक्रम को लेकर शहर में जगह-जगह लगाए गए हैं। वहीं देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम के चलते ट्रेन को भव्य तरीके से फूलों से सजाया गया है। सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। वहीं रेल मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव सुबह सवा आठ बजे के आसपास अपनी स्पेशल ट्रेन से जींद पहुंचेगे। प्लेटफार्म नंबर एक के पास स्पेशल स्टेज बनाया गया है, जहां से प्रधानमंत्री हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। हाइड्रोजन ट्रेन में 1200 किलोवाट क्षमता का आधुनिक हाइड्रोजन फ्यूल सेल सिस्टम लगाया गया है। इसमें एक बार में 2600 यात्री सफर कर सकते हैं। ट्रेन 110 से 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है, जिससे कम दूरी का सफर तेज और आसान होगा। ट्रेन को लेकर छह लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और दो गार्डों को चेन्नई व गुजरात में स्पेशल ट्रेनिंग दिलाई गई है। नॉन एसी ट्रेन में लग्जरी सीटें, पंखों, सीटों के अलावा खड़े होकर सफर करने वाले यात्रियों के लिए हैंडग्रीपर लगाए गए हैं। ट्रेन में चार्जिंग के लिए जगह-जगह साकेट लगाए गए हैं। यह ट्रेन 89 किलोमीटर का सफर करीब दो घंटे में पूरा करेगी।



ट्रेन के अंदर का फोटो।

### देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन जींद से देगी विकसित भारत को नई रफ्तार : मोहनलाल बड़ौली

**जींद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद दौरा हरियाणा ही नही बल्कि पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर होगा। यह कार्यक्रम विकसित भारत, विकसित हरियाणा के संकल्प को नई गति प्रदान करेगा। जींद के एकलव्य स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की पहली हाइड्रोजन आधारित ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके साथ ही वे हरियाणा के लिए हजारों करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली वीरवार को निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, डिप्टी स्पीकर के मीडिया सलाहकार सन्नी मग्गू, जिला मीडिया प्रभारी राकेश बैरागी आदि मौजूद रहे। मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन केवल एक नई रेल सेवा नही बल्कि भारत की हरित ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार और भारतीय जनता पार्टी ने इस पूरे आयोजन को पूर्णतः पर्यावरण अनुकूल इको फ्रेंडलीद्ध स्वरूप देने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं।





## स्नाइपर की पैनी नजर, पीएम सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

- घरों की छतों, पानी की टंकियों पर अदृश्य रूप से हुई स्नाइपर की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का उद्घाटन करने आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के पुश्ता प्रबंध किए गए हैं। शुक्रवार को कार्यक्रम स्नाइपर की पैनी नजर के बीच होगा। प्रधानमंत्री की सुरक्षा चार स्तरीय होगी। जिसमें सबसे बाहरी सुरक्षा घेरा हरियाणा पुलिस का होगा। जबकि अंदर का घेरा एसपीजी का होगा। सुरक्षा इतनी कड़ी होगी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा रेलवे जंक्शन के आसपास व रैली स्थल के आसपास मकानों की छतों पर ही स्नाइपर ने पहले ही अपना स्थान तय कर लिया है। पूरा कार्यक्रम स्नाइपर की नजर में रहेगा। जरा भी अवैध गतिविधि हुईए तो स्नाइपर का निशाना अचूक होगा।

### 10 मीटर की परिधि में सड़कों पर तैनात रहेगी पुलिस

शहर की सड़कों पर हर दस मीटर के दायरे में एक पुलिस कर्मी तैनात किया गया है। सड़क के साथ हर गली तथा हर कट पर नाक पुलिस कर्मी तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा 30 राइडर, छह पीसीआर, छह ईआरवी वाहनों की तैनाती की गई है। जबकि सबधित थाना प्रभारी अपने अपने इलाको मे चौकसी बरतेंगे। पीएम मोदी के आगमन को लेकर खूफिया एजेंसियों में भी डेरा डाल लिया है। एजेंसियों से जुड़े लोग लगातार पैनी नजर बनाए हुए हैं। जिसके इनपुट अपने आला अधिकारियों को दिए जा रहे हैं। हर गतिविधियों पर बारिकी से नजर रखी जा रही है। संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जार रही है। अपने तंत्र को पूरे इलाके में एक्टिवेट किया गया है ताकि समय पर सूचना मिलती रहे। एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि सुरक्षा को लेकर बेहद कड़े प्रबंध किए गए हैं। शहर के मुख्य मार्गो पर तीसरी आंख से नजर रखी जा रही है।

### पीएम कार्यक्रम की सुरक्षा हुई कड़ी, कैमरों से होगी निगरानी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 17 जुलाई को आगमन को देखते हुए शहर को मजबूत सुरक्षा किले में तबदील कर दिया गया है। 15 आईपीएस अधिकारी सहित अन्य सुरक्षा व खूफिया एजेंसियों ने अपनी कमान संभाल ली है। इसके अलावा 50 डीएसपी पांच हजार जवानों को भी तैनात किया गया है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा इतनी कड़ी होगी कि परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। जिसको लेकर पुलिस विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारियों के साथ रेली स्थल तथा रेलवे जंक्शन पर तैनाती कर दी है। इसके इलावा 80 पुलिस नाके भी एक्टिवेट कर दिए गए हैं। पुलिस विभाग के बड़े अधिकारी सुरक्षा को लेकर लगातार प्रबंधों को रिवाइज कर रहे हैं। पूरा क्षैत्र तीसरी आख के दायरे में रहेगा।



जींद। शहर में गोहाना रोड पर लगाए गए झंडे। फोटो : हरिभूमि



जींद। रैली को लेकर सजाए गए शहर के चौक फोटो : हरिभूमि

## ईंट मारकर बुजुर्ग महिला की हत्या, 7 नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजौंद के गांव मंडवाल में टोटका कराने और पुलिस को भुक्की (पोस्त) की सूचना देने के शक में एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में राजौंद थाना पुलिस ने 7 आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मंडवाल निवासी शमशेर उर्फ शेरू ने बताया कि 14 जुलाई की सुबह करीब 9 बजे पड़ोसी संदीप उर्फ काली उनके घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगा। उसने आरोप लगाया कि उन्होंने उसके घर में टोटका कराया है और उसकी गाड़ियों में भुक्की होने की सूचना पुलिस को दी है। इस मामले में पंचायत में समझौता भी हो गया। उसी रात करीब 9 बजे संदीप उर्फ काली, उसके भाई हरमीत उर्फ मीत व गुरमीत, खेड़ी सरफली निवासी सिमरु और 3 अन्य युवक उनके मकान की छत के रास्ते घर में घुस आए। आरोपियों ने ईंटों और अन्य हथियारों से हमला कर दिया। संदीप द्वारा फेंकी गई ईंट मां निर्मल कौर की छाती पर लगने से उनकी मौत हो गई। अन्य आरोपियों ने उसे, उसकी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों पर भी ईंटों से हमला किया। विरोध करने पर संदीप ने बरछी से भी वार किया। पुलिस ने संदीप उर्फ काली, हरमीत उर्फ मीत, गुरमीत, सिमरु और उनके 3 अन्य साथियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास 10 वर्ष का कठोर कारावास

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शिफा की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में दोषी को दस वर्ष की कठोर कैद व 55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार सात अप्रैल 2022 को उचाना थाना क्षेत्र के तहत एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ गांव के ही बदन ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। उसकी बेटी ने जब यह बात बताई तो उन्हें मामले की शिकायत पुलिस को दी। महिला थाना पुलिस ने बदन के खिलाफ दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। स्पेशल पीपी पोक्सो केस योगेंद्र राठी कि मजबूत पैरवी के आधार पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शिफा कीअदालत ने बदन को दोषी करार देते हुए दस वर्ष की कठोर कैद व 55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

### हुडा कॉलोनी के पार्क बदहाली का शिकार, झाड़ियों व कांग्रेस घास से घिरे, लोगों ने उठाई आवाज

**पूंडरी।** पूंडरी के वार्ड नंबर-1 स्थित हुडा कॉलोनी के पार्कों की बदहाल स्थिति स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। कॉलोनी में बने चार पार्कों में से दो पार्कों की हालत बेहद खराब है। इन पार्कों में फूलों और हरियाली की जगह कांग्रेस घास, ऊंची-ऊंची झाड़ियां और जंगली पौधों ने कब्जा कर लिया है। नियमित सफाई और रखरखाव के अभाव में पार्कों में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। वहीं झाड़ियों में सांप व अन्य विषैले जीव-जंतुओं के होने की आशंका से लोग सुबह-शाम टहलने से भी कतराने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्कों की बदहाली के कारण बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए इनका उपयोग करना मुश्किल हो गया है। पार्कों में लगी घास और पौधे सूख चुके हैं तथा जगह-जगह झाड़ियां उग आई हैं। इससे पार्कों की सुंदरता भी पूरी तरह खत्म हो गई है। हुडा निवासी सुधीर कुमार, अमित कुमार, सुरेश और बलराज ने बताया कि हुडा कॉलोनी को पूंडरी का सबसे पॉश क्षेत्र माना जाता है। उन्होंने करोड़ों रुपये खर्च कर यहां मकान इस उम्मीद से बनाए थे कि बड़े शहरों की तरह सभी मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन आज पार्कों की हालत बदहाल है। उन्होंने कहा कि पार्कों का नियमित रखरखाव नहीं होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर एडवाइजरी जारी

**जींद।** प्रधानमंत्री के जींद आगमन के दौरान व्यापक ट्रैफिक डायवर्जन, नागरिकों से सहयोग की अपील रैली में काला वस्त्र पहनने, बीड़ी सिगरेट व ज्वलनशील पदार्थ व साथ लेकर आने से भी करें गुरेज। प्रधानमंत्री भारत सरकार के प्रस्तावित जिला जींद आगमन के दृष्टिगत शुक्रवार को सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए जींद पुलिस द्वारा विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। आमजन की सुविधा तथा एमआईपी की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शहर जींद सहित राज्य के अन्य जिलों की ओर आने-जाने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। जींद पुलिस की सभी नागरिकों से अपील है कि शुक्रवार को अपनी यात्रा शुरू करने से पहले निर्धारित रूट डायवर्जन की जानकारी अवश्य प्राप्त करें तथा पुलिस द्वारा बताए गए वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें।

### गदा यात्रा आगमन को लेकर उत्साह कैथल में आज भव्य स्वागत कार्यक्रम

**राजौंद।** कंचन सेवा संस्थान में 11 मुखी और 84 फीट ऊंचे हनुमान जी महाराज के भव्य, विशाल और ऐतिहासिक मंदिर व मूर्ति का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी क्रम में हनुमान जी की ऐतिहासिक 21 फीट लंबी अष्टधातु से निर्मित पवित्र गदा पिछले 32 महीनों से पूरे भारत में भ्रमण कर रही है। यह गदा अब आपके कैथल शहर में पहुंचने जा रही है। गदा भ्रमण कार्यक्रम के तहत 17 जुलाई को कैथल में विभिन्न मंदिरों में दर्शन व स्वागत का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 7 बजे दक्षिण हनुमान मंदिर बाजार, 8 बजे श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर, 8:30 बजे सनातन धर्म मंदिर, 9 बजे नीलकंठ मंदिर, 9:30 बजे अंकेश्वर मंदिर (चंदाना गेट), 10:30 बजे सूरजकुंड रमनपुरी, सायं 4 बजे वीर कुंड, 4:30 बजे वृद्ध कुंड, 5 बजे शीतलपुरी डेरा, 5:30 बजे राजपुरी डेरा, 6 बजे सनातन धर्म मंदिर सेक्टर-19, 7 बजे लक्ष्मीनारायण मंदिर सेक्टर-20 तथा रात्रि 8 बजे गीता भवन मंदिर में गदा पहुंचेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

पहल | राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सीनियर कंसलटेंट ने ली बैठक

## बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए सभी विभाग मिलकर करें कार्य : केपीजे गेराल्ड

- जरूरतमंद बच्चों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के सीनियर कंसलटेंट केपीजे गेराल्ड ने वीरवार को कैथल लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय डिस्ट्रिक टास्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं टास्क फोर्स के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा, उनके सर्वांगीण विकास तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। केपीजे गेराल्ड ने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि सभी संबंधित विभागों और संस्थाओं को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति या विभाग अकेले सभी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता। यदि सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए समन्वय के साथ कार्य करें तो बच्चों के हितों की बेहतर ढंग से रक्षा की जा सकती है।" उन्होंने अधिकारियों से बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा जरूरतमंद बच्चों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और संरक्षण जैसे प्रत्येक क्षेत्र में बच्चों के अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

बैठक के दौरान केपीजे गेराल्ड ने निर्देश दिए कि डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित की जाए, ताकि बाल संरक्षण से जुड़े मामलों की समीक्षा हो सके और लंबित मुद्दों का समय रहते समाधान किया जा सके। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और सूचना के आदान-प्रदान की प्रभावी व्यवस्था विकसित करने पर भी बल दिया।





कैथल। जिला स्तरीय डिस्ट्रिक टास्क फोर्स की बैठक में भाग लेते अधिकारी।

### ये रहे मौजूद

बैठक में सीडब्ल्यूसी चेयरमैन भीमसेन अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी सपना, डीसीपीओ शशिबाला, सहायक लेबक आयुक्त राजेश, कोमल, नरेश पंवार, एमडीडी बाल भवन से अशोक कुमार, कुशल शर्मा आदि उपस्थित थे।

### छापेमारी करने गई टीम के साथ की हाथापाई

**कैथल।** अवैध हथियार और नशीले पदार्थ की सूचना पर गांव भूना में छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम के साथ हाथापाई, गाली-गलौज कर दी। एएसआई राजेश कुमार ने बताया कि गांव भूना निवासी बलराम और सज्जन के घर में अवैध हथियार और नशीले पदार्थ की सूचना मिली थी। सीवन थाना एसएचओ जयभगवान सहित पुलिस टीम ने डायल-112 कर्मियों के साथ आरोपियों के घर पर दबिश दी। आरोप है कि पुलिस टीम के पहुंचने पर बलराम और सज्जन के परिजनों ने मुख्य गेट पर रोक लिया। इसी दौरान आरोपियों ने हाथापाई की। हंगामे में आरोपी बलराम घर के पिछले दरवाजे से किसी संदिग्ध वस्तु के साथ फरार हो गया। पुलिस ने बलराम, सज्जन और अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।